स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

एमएमटीसी लिमिटेड MMTC LIMITED
भारत सरकार का उपक्रम
A GOVT. OF INDIA ENTERPRISE
touching lives, adding value

स्पैक्ट्रम Spectrum

Quarterly House Magazine
Vol. XVII Oct-Dec. 2014

राजभाषा विशेष

Sh. Ved Prakash has taken over as CMD, MMTC

CMD'S MESSAGE

Dear Colleagues,

It is my great pleasure to take over as CMD of MMTC. I wish to thank you all for your good wishes. I am fully convinced and confident that with our collective efforts, hard work and positive outlook, we will steer the company out of the uncertainties seen during last few years and take it to new heights and glory.

Amidst ongoing challenging business environment, we need to redouble our efforts so that we can draw benefit out of our considerable goodwill built over last fifty years, and take the company to new heights. To achieve this goal, on one hand we are focussing on a strategy to strengthen the existing lines of our business activities, while also simultaneously looking for diversification of opportunities in new areas of business keeping in view the suitability with our business model.

I solicit your wholehearted cooperation for transforming MMTC into a new age organisation and one of the best and leading Public Sector organisations of India.

(Ved Prakash)
Chairman and Managing Director

Dated 23.03.2015

Contents

Implementation of the Official Language Policy & Related Guidelines	2
All-India Rajbhasha Conference Conducted at CO	6
MMTC Pays 15% Dividend for 2013-14	7
Celebrations of Vigilance Awareness Week 2014	8
Rajbhasha Event at RO - Bhubaneswar	14
Hindi Week Organized at RO - Bangalore	15
Hindi Event at RO – Jaipur: Crorepati Game Show	16
RO – Goa Organizes Hindi Pakhwada	17
Rashtriya Ekta Diwas at SRO - Kochi	18
Tribute to Sh. V.R. Krishna Iyer	20
Rajbhasha Compliance Inspection at SRO - Kochi	22
Dhanteras at RO - Hyderabad	23
An Overview of INCOTERMS	24
Pure Gold & Silver Gifts	27
Balco Judgement	30
Jurists as SC Judges	32
The Purpose of Trade Unions	36
Goodbye to a Beloved Teacher	40
Dussehra at MMTC Colony	41
Superannuations	42
CMD's Visit to RO Kolkata	44

Corporate Office

Editorial & Production Co-ordinator: Somdutta Sarkar, Dy. Manager (CC)

Editorial Team: Corporate Communication Division

Disclaimer:

The views expressed by the subscribers of various articles in this magazine are their individual views and the editorial team or the organization does not hold responsibility nor endorse the views expressed.

Designed & Printed by : Newfields Advertising Pvt. Ltd.

केंद्र के सरकारी कार्यालयों में राजभाषा नीति का कार्यान्वयन तथा संबंधित दिशानिर्देश

दिनेश कुमार
मुख्य प्रबंधक(राजभाषा)

हिन्दी हमारी मातृभाषा है; मात्र एक भाषा नहीं।

Hkkरत की संविधान सभा ने 14 सितंबर 1949 को हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। हिंदी को राजभाषा के रूप में अपनाने के पीछे एक कारण यह भी था कि स्वतंत्रता प्राप्ति से पहले देश के कार्यालयों में अंग्रेजी भाषा का ही प्रयोग किया जाता था। देश स्वतंत्र हुआ। स्वतंत्र देश के लिए एक भाषा, राष्ट्रीय गान व राष्ट्रीय झंडे तथा निश्चित भूतल का निर्धारण हुआ। विश्व में स्वतंत्र देश के अस्तित्व का आभास कराने के लिए जिस प्रकार एक राष्ट्रीय झंडे तथा राष्ट्रगान की आवश्यकता होती है इसी प्रकार एक भाषा की भी आवश्यकता महसूस हुई। इसलिए स्वतंत्र भारत में जहां तिरंगे को झंडे के रूप में अपनाया गया वहीं हिंदी को राजभाषा के रूप में अपनाने का निर्णय लिया गया और संविधान के अनुच्छेद 343 के अंतर्गत हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। राजभाषा के रूप में हिंदी के प्रयोग की स्थिति आज कार्यालयों में जो है वह संतोषजनक नहीं है। हां हम इस बात का संकोच करते हैं कि कार्यालयों में प्रयोग होने वाली भाषा अलग होती है इसीलिए आज भी हिंदी कार्यालयों में वह स्थान नहीं पा सकी है। वास्तव में भाषा तभी फलती फूलती है जब इसे बोलने वाले बेझिझक अपनाएं। कार्यालय में प्रयोग की जाने वाली भाषा बोलचाल की भाषा से अलग नहीं होती है। इसलिए निसंकोच उसे लिखना भी प्रारंभ कर दें।

कार्यालयीन कार्य में हिंदी को महत्व देना रोजाना कार्यालय के कार्य में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करना तथा हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में उपयोग करने पर हमें बल देना होगा। कार्यालय में हिंदी का प्रयोग बढ़े इसके लिए आवश्यक है कि सरल हिंदी का प्रयोग किया जाए।

हिंदी भाषा को आम आदमी की भाषा व भारत की एकता का सूत्र बनाते हुए भारत के विकास में इसकी महत्ता को स्वीकारना होगा। अपने कार्यालय के सभी कामकाज में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर जोर देना होगा तथा संवैधानिक दायित्वों को दृढ़ता से निभाना होगा। हिंदी को गौरवपूर्ण स्थान देने के लिए हमें सभी को महत्वपूर्ण योगदान देना पड़ेगा। सरकारी कामकाज में भी हमें हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना होगा।

हिंदी भाषा के माध्यम से हमें जीवन व्यवहार के किसी भी पहलू में कठिनाई नहीं उठानी पड़ेगी। हम हिंदी के महत्व को दरकिनार नहीं कर सकते। हमें हर भाषा का सम्मान करना चाहिए। हर भाषा ज्ञान का खजाना है। हर भाषा में कोई न कोई संदेश छिपा है इसलिए अधिकाधिक काम हिंदी में करें। हमें हिंदी के बारे में सकारात्मक सोच रखने से हमारी विचारधारा भी वैसी बनेगी। संपर्क भाषा के रूप में हिंदी को सीखने का समय आ गया है । हम इसे पूरे दिल से अपनाएंगे तभी हम अपना कार्य पूर्ण करने में सफल होंगे।

हम सभी केंद्र सरकार के उपक्रम में कार्यरत हैं और हमारा दायित्व बनता है

कि इसके कार्यान्वयन में अपना पूरा सहयोग दें ताकि नियमों का उल्लंघन न हो। राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए नियमों एवं नीति का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा है:–

परिभाषाएं

1. **हिन्दी में प्रवीणता** – किसी कर्मचारी के बारे में यह समझा जाएगा कि उसे हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त है यदि उसने–

   (i) मैट्रिक परीक्षा या उसके समकक्ष या उससे उच्चतर कोई परीक्षा हिन्दी को माध्यम के रूप में अपनाकर उत्तीर्ण की है, अथवा

   (ii) स्नातक परीक्षा में अथवा स्नातक परीक्षा के समकक्ष या उससे उच्चतर किसी अन्य परीक्षा में हिन्दी को उसने एक वैकल्पिक विषय के रूप में लिया हो अथवा

   (iii) वह यह घोषणा करता है कि उसे हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त है।

2. **हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान** – किसी कर्मचारी के बारे में यह समझा जाएगा कि उसने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, यदि उसने–

   (i) मैट्रिक परीक्षा या उसके समकक्ष या उससे उच्चतर परीक्षा हिन्दी विषय के साथ उत्तीर्ण की है, अथवा

   (ii) केन्द्रीय सरकार की हिन्दी शिक्षण योजना के अन्तर्गत आयोजित प्राज्ञ परीक्षा या सरकार द्वारा किसी विशिष्ट वर्ग के पदों के संबंध में निर्धारित कोई निम्नस्तर परीक्षा उत्तीर्ण की है, अथवा

   (iii) केन्द्रीय सरकार द्वारा इस निमित्त विनिर्धारित कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, या

   (iv) यदि वह यह घोषणा करता है कि उसने ऐसा ज्ञान प्राप्त कर लिया है।

3. राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) से उद्धरण

उपधारा (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी हिन्दी और अंग्रेजी भाषा दोनों ही–

(i) संकल्पों, साधारण आदेशों, नियमों, अधिसूचनाओं, प्रशासनिक या अन्य प्रतिवेदनों या प्रेस विज्ञप्तियों के लिए जो केन्द्रीय सरकार द्वारा या उसके किसी मंत्रालय, विभाग या कार्यालय द्वारा या केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में/के या नियंत्रण में/के किसी नियम या कम्पनी द्वारा या ऐसे निगम या कंपनी के किसी कार्यालय द्वारा निकाले जाते हैं या किए जाते हैं;

(ii) संसद के किसी सदन या सदनों के समक्ष रखे गए प्रशासनिक तथा अन्य प्रतिवेदनों और राजकीय कागज–पत्रों के लिए;

(iii) केन्द्रीय सरकार या उसके किसी मंत्रालय, विभाग या कार्यालय द्वारा या उसकी ओर से या केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में/के या नियंत्रण में/के किसी निगम या कम्पनी द्वारा या ऐसे निगम या कम्पनी के किसी कार्यालय द्वारा निष्पादित संविदाओं और करारों के लिए तथा निकाली गई अनुज्ञप्तियों, अनुज्ञापत्रों, सूचनाओं और निविदा–प्रारूपों, के लिए प्रयोग में लाई जाएगी ।

राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3 (3) के अनुसार सामान्य आदेश में निम्नलिखित सम्मिलित है–

(1) ऐसे सभी आदेश, निर्णय या अनुदेश जो विभागीय प्रयोग के लिए हों और जो स्थायी प्रकार के हों,

(2) ऐसे सभी आदेश, अनुदेश, पत्र, ज्ञापन, नोटिस आदि जो सरकारी कर्मचारियों के समूह अथवा समूहों के संबंध में हों या उनके लिए हों;

(3) ऐसे सभी परिपत्र जो विभागीय प्रयोग के लिए हों या सरकारी कर्मचारियों के लिए हों।

राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976

नियम 2 (च) ''क''क्षेत्र से बिहार, झारखण्ड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान उत्तर प्रदेश और उत्तरांचल राज्य और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा दिल्ली के संघ राज्य क्षेत्र अभिप्रेत हैं,

(छ) ''ख'' क्षेत्र से गुजरात, महाराष्ट्र और पंजाब राज्य और चंडीगढ़, दमन एवं दीव तथा दादरा व नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र अभिप्रेत हैं,

(ज) ''ग'' क्षेत्र से खण्ड (च) और (छ) में निर्दिष्ट राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से भिन्न राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्र अभिप्रेत हैं।

नियम 8 केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में टिप्पणों का लिखा जाना

(1) कोई कर्मचारी किसी फाईल पर टिप्पण या कार्यवृत्त हिन्दी या अंग्रेजी में लिख सकता है और उससे यह अपेक्षा नहीं की जाएगी कि वह उसका अनुवाद दूसरी भाषा में प्रस्तुत करे।

(4) उपनियम (1) में किसी बात के

होते हुए भी केन्द्रीय सरकार, आदेश द्वारा ऐसे अधिसूचित कार्यालयों को विनिर्दिष्ट कर सकती है जहां ऐसे कर्मचारियों द्वारा जिन्हें हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त हैं, टिप्पण, प्रारूपण और ऐसे अन्य शासकीय प्रयोजनों के लिए, जो आदेश में विनिर्दिष्ट किए जाएं, केवल हिन्दी का प्रयोग किया जाएगा ।

नियम 10 (2) यदि केन्द्रीय सरकार के किसी कार्यालय में कार्य करने वाले कर्मचारियों/अधिकारियों में से अस्सी प्रतिशत ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है तो उस कार्यालय के कर्मचारियों के बारे में सामान्यतया यह समझा जाएगा कि उन्होंने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है।

नियम 10 (4) केन्द्रीय सरकार के जिन कार्यालयों के अस्सी प्रतिशत कर्मचारियों/अधिकारियों ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, उन कार्यालयों के नाम राजपत्र में अधिसूचित किए जाएंगे। परन्तु, यदि केन्द्रीय सरकार की राय में किसी अधिसूचित कार्यालय में काम करने वाले और हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान रखने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत किसी तारीख से उप–नियम (2) में विनिर्दिष्ट प्रतिशत से कम हो गया है, तो वह राजपत्र में अधिसूचना द्वारा घोषित कर सकती है कि उक्त कार्यालय उस तारीख से अधिसूचित कार्यालय नहीं रह जाएगा ।

नियम 11 मैनुअल, संहिताएं, प्रक्रिया संबंधी अन्य साहित्य, लेखन सामग्री आदि –

(1) केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों से संबंधित सभी मैनुअल, संहिताएं और प्रक्रिया संबंधी अन्य साहित्य हिन्दी और अंग्रेजी में द्विभाषिक रूप में यथास्थिति, मुद्रित या साइक्लोस्टाइल किया जाएगा और प्रकाशित किया जाएगा।

(2) केन्द्रीय सरकार के किसी कार्यालय में प्रयोग किए जाने वाले रजिस्टरों के प्रारूप और शीर्षक हिन्दी और अंग्रेजी में होंगे।

(3) केन्द्रीय सरकार के किसी कार्यालय में प्रयोग के लिए सभी नामपट्ट, सूचना पट्ट, पत्रशीर्ष और लिफाफों पर उत्कीर्ण लेख तथा लेखन सामग्री की अन्य मदें हिन्दी और अंग्रेजी में लिखी जाएंगी, मुद्रित या उत्कीर्ण होंगी।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार ऐसा आवश्यक समझती है तो वह साधारण या विशेष आदेश द्वारा केन्द्र सरकार के किसी कार्यालय को इस नियम के सभी या किन्हीं उपबन्धों से छूट दे सकती है।

नियम 12 अनुपालन का उत्तरदायित्व–

(1) केन्द्रीय सरकार के प्रत्येक कार्यालय के प्रशासनिक प्रधान का यह उत्तरदायित्व होगा कि वह:–

(i) यह सुनिश्चित करें कि अधिनियम और इन नियमों के उपबन्धों और उपनियम (2) के अधीन जारी किए गए निदेशों का समुचित रूप से अनुपालन हो रहा है और,

(ii) इस प्रयोजन के लिए उपयुक्त और प्रभावकारी जांच के लिए उपाय करें ।

(2) केन्द्रीय सरकार अधिनियम और इन नियमों के उपबन्धों के सम्यक अनुपालन के लिए अपने कर्मचारियों और कार्यालयों को समय–समय पर आवश्यक निदेश जारी कर सकती है।

इसके अतिरिक्त समय–समय पर संसदीय राजभाषा समिति द्वारा राजभाषा नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अपनी रिपोर्टों के माध्यम से कई सिफारिशें की गई हैं जिन्हें भारत सरकार ने मान लिया है तथा इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा है।

(1) मैनुअलों, फार्मों, कोडों आदि की हिन्दी–अंग्रेजी द्विभाषी (डिगलॉट रूप में) छपाई ।

(2) अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिन्दी में देना ।

(3) हिन्दी में पत्राचार ।

(4) रजिस्टरों और सेवा पुस्तिकाओं के शीर्षक और प्रविष्टियां हिन्दी में ही की जाएं।

(5) जांच बिन्दु स्थापित करना ।

(क) लिफाफों पर हिन्दी में पते लिखना

(ख) सेवा पंजी में प्रविष्टियां

(6) हिन्दी शिक्षण योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले प्रशिक्षण को वर्ष 2015 के अंत तक पूरा करना।

(7) हिन्दी माध्यम से प्रशिक्षण

(8) हिन्दी टाइपिंग/हिन्दी आशुलिपि में प्रशिक्षित सभी कर्मचारियों द्वारा हिन्दी में कार्य किया जाना ।

(9) केन्द्रीय सरकार के कार्यालय में सहायक/संदर्भ साहित्य, शब्दावलियों और शब्दकोशों आदि की व्यवस्था तथा हिन्दी पुस्तकों की खरीद ।

(10) भर्ती के लिए साक्षात्कार में हिन्दी का विकल्प ।

(11) राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन एवं उनकी बैठकें ।

(12) नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के कार्यों का विस्तार एवं इसकी बैठकों में कार्यालय प्रमुख द्वारा भाग लेना ।

(13) हिन्दी कार्यशालाओं/संगोष्ठियों/सम्मेलनों तथा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलनों का आयोजन ।

(14) हिन्दी कार्यशालायें आयोजित करना ।

(15) सरकारी प्रकाशनों आदि का द्विभाषी रूप में प्रकाशन ।

(16) गृह पत्रिकाओं/सूचना पत्रों को और अधिक उपयोगी तथा प्रभावशाली बनाना ।

कॉरपोरेट कार्यालय में अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन

अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन

महेन्द्र सिंह
वरि.प्रबंधक (राजभाषा)

कॉरपोरेट कार्यालय में राजभाषा अधिकारियों/नोडल अधिकारियों के लिए दिनांक 27–28 नवम्बर 2014 को एक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सभी क्षेत्रीय कार्यालयों से राजभाषा अधिकारियों ने भाग लिया। जिन क्षेत्रीय कार्यालयों में राजभाषा अधिकारी नहीं हैं वहां राजभाषा कार्य के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों ने भाग लिया।

सर्वप्रथम डॉ. मदन राय ने क्षेत्रीय कार्यालयों से आए सभी अधिकारियों का स्वागत किया। सम्मेलन का शुभारंभ करते हुये निदेशक (कार्मिक) ने क्षेत्रीय कार्यालयों से आए सभी अधिकारियों का स्वागत किया। उसके उपरांत सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में राजभाषा हिंदी की स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान निदेशक (कार्मिक) ने कहा कि राजभाषा हिंदी के अनुपालन और इसके प्रयोग को और गति देने की आवश्यकता है। खुले सत्र में संसदीय राजभाषा समिति द्वारा किये जाने वाले निरीक्षण पर चर्चा की गई तथा निरीक्षण के दौरान आने वाली समस्याओं को दूर करने के उपाय सुझाये गये।

चार सत्रों के पहले सत्र में डॉ. प्रदीप कुमार चौधरी ने राजभाषा अधिनियम/नियम तथा अन्य, संवैधानिक प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सम्मेलन के दूसरे सत्र में श्री बालमुकुंद ने मानक वर्तनी तथा हिंदी भाषा का स्वरूप और मीडिया पर सारगर्भित व्याख्यान दिया और उपस्थित लोगों के साथ विचारों का आदान–प्रदान किया। कम्प्यूटर पर हिंदी में कार्य के संबंध में श्री संतोष कुमार वर्मा ने विस्तृत रूप से हिन्दी में कार्य करने के लिए कम्प्यूटर पर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया ।

सम्मेलन के अंत में निदेशक (कार्मिक) ने अपने अपने कार्यालयों में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए निगम में लागू प्रोत्साहन योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करने की अपील की ताकि अधिक से अधिक कार्मिक हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित हो।

श्री मदन रॉय, अपर महाप्रबंधक (राजभाषा) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।

MMTC PAYS 15% DIVIDEND FOR 2013-14

A cheque for Rs.13,48,90,314.30 was presented to Ms. Nirmala Sitharaman, Hon'ble Minister of State for Commerce & Industry by Shri D.S. Dhesi, Additional Secretary, Department of Commerce, then CMD, MMTC towards 15% dividend for fiscal 2013-14. Shri Rajeev Kher, Secretary (Commerce) and Shri Madhusudan Prasad, Special Secretary, Department of Commerce, MOC&I, Shri Ved Prakash, CMD, and the Directors of MMTC were also present on this occasion.

The Company had, at its 51st Annual General Meeting, held on 18th September 2014, declared pay out of 15% for 2013-14 on its paid up equity capital of Rs.100 crores out of the profits of the company for the previous year.

MMTC concluded fiscal 2013-14 by achieving a business turnover of Rs. 25,074.63 which includes Exports of Rs.4,127.02 crore, Imports of Rs.18,713.45 crore and domestic trade of Rs.2,234.15 crore. The Company has been paying Dividend uninterruptedly since 1970. So far the Company has paid a total Dividend of Rs.579.81 crore to Government of India since its inception, apart from issue of Bonus Shares of Rs. 97.00 crores to Government of India.

Combating Corruption – Technology as an Enabler

- Celebrations of Vigilance Awareness Week 2014 in MMTC Ltd.

Laxman Giri
Sr. Manager (Vigilance)

The *Satarkata Saptah* or Vigilance Awareness Week 2014 was observed in all the offices of MMTC Ltd from 27th October to 1st November, 2014. During the week, banners and posters were put up across ROs, the pledge was administered widely in English and in Hindi, messages of Hon'ble President of India, Vice-President of India, Prime Minister of India, and Central Vigilance Commission were publicized, various competitions and presentations were held. The week-long event has gained momentum over the years and the occasion is now celebrated as a collaborative and participative event across MMTC offices in the country.

CORPORATE OFFICE (CO)

The Vigilance Awareness Week 2014 was a grand event at the CO. Alongwith signboards and posters, the messages of Hon'ble President of India, Vice-President of India, Prime Minister of India, and Central Vigilance Commission were displayed at prominent locations within the office premises for viewing by the employees and visitors.

Lighting of lamp by then-CMD Sh. D.S. Dhesi, accompanied by current CMD, Directors and CVO

The Inaugural Function started with the lighting of the lamp by Sh. D.S. Dhesi, then-CMD, Sh. Ved Prakash, current CMD, Sh. Rajeev Jaideva, Director (P), Sh. M.G. Gupta, Director (Finance), Sh. Anand Trivedi, Director (Mktg), Sh. A K Gupta, CVO, and Sh. Sanjay Kaul, GM (Vigilance). Thereafter, floral tribute was offered to the portrait of Sardar Vallabh Bhai Patel, the Iron Man of India. The Pledge, as prescribed by CVC, was administered by Sh. D.S. Dhesi in Hindi, and thereafter by Sh. Ved Prakash in English.

Pledge by Employees at CO

Memento presented to Sh. Mazumdar by Dir (P) Sh. Rajeev Jaideva

Memento presented to Sh. Vij by Dir (F) Sh. M.G. Gupta

A brief speech was delivered by Sh. D.S. Dhesi on this occasion, regarding various forms of corruption. A presentation was made by Ms Anju Gupta, GM (Systems) and Sh. VSN Rao, DGM (IR) on the theme topic 'Combating Corruption – Technology as an Enabler'. The Inaugural Day was concluded by Sh. Sanjay Kaul, GM (Vig) with a Vote of Thanks to the Chair.

During the course of the week, essay and elocution competitions and lectures by special invitees from CVC and APEX (Art of Living) were organized. Sh. Saumitra Mazumdar, Technical Examiner, CVC delivered a presentation on the theme topic with special focus on technology to eradicate the corruption. This was followed by Sh. Ajey Vij from APEX (Art of Living) presenting an informative lecture on "Unlock the Power of Mind". Both the sessions were appreciated by the audience. The guests were welcomed by Sh. Sanjay Kaul and presented with mementos by Sh. Rajeev Jaideva and Sh. M.G. Gupta.

Prizes were distributed by Sh. M G Gupta during the Valedictory Function to the successful participants of all the events. Honorarium was also presented to the judges / evaluators of the Competitions.

During the week, essay writing and elocution competitions were organized in both English and Hindi (and in some offices, in regional languages, eg Kannada, Marathi, etc.) across various offices, which drew considerable participation from the employees.

Essay Writing Topics included

a) Role of Technology in Combating Corruption
b) Corruption: Eating Away from the Inside Out
c) Can Technology Eradicate Corruption?
d) Role of Citizens of India in creating a Swachha Bharat
e) Role of Statutory Agencies viz. CBI, CVC etc in Eradication of Corruption
f) Power Corrupts, but Absolute Power Corrupts Absolutely
g) Corruption: a Cancer, and Ways for its Eradication.

Elocution Topics included

a) An end to corruption is my plan, if you join me friends, I'm sure we can.
b) Anti-Corruption Initiatives from You
c) Scope of Corruption can be Minimized by Technology
d) The Role of Government in Mitigating Corruption
e) Eradication of Corruption.

DRO - JJC

Week long activities were organized in Delhi Regional Office (DRO) and Sub-Regional Offices; Agra, Ludhiana and Kanpur. Sh. Asheesh Majumdar, CGM (JRO), inaugurated the celebrations and administered the pledge in English, while Sh. Satish Kumar, VO, administered the pledge in Hindi. Sh. Majumdar gave a brief speech on the occasion. Essay writing and Elocution competitions were conducted for the officials during the week. Before the valedictory ceremony, a documentary on Sardar Vallabh Bhai Patel was screened. Sh. Majumdar distributed prizes to the winners of competitions, and extended his wholehearted support for the successful celebration of the Week.

RO: JAIPUR

At RO Jaipur Sh. Sanjeev Dua, GM, administered the pledge to all employees. Essay and Elocution competitions were organized, in which nearly all the employees participated. Sh. Jagdish Prashad, DSP, CBI, Jaipur was invited as Chief Guest, who delivered a speech on the theme topic before conclusion of the Week.

RO: AHMEDABAD

A welcome address was delivered by Sh. Deepak Pitlawar, VO, followed by the pledge (English) read by Sh. Manohar Babu, GM and the pledge (Hindi) read by Sh. S S Modh, AGM.

Pledge Ceremony at RO- Ahmedabad

All the employees below the rank of DGM participated in the Essay and Elocution competitions held during the week. The prizes were distributed to the winners during the Valedictory Function by Sh. S S Modh & Sh. V.W. Singh(Sr. Mgr.). Sh. Modh addressed the officials and spoke on how to be vigilant in day-to-day office activities.

RO: GOA

The weeklong programme at RO Goa was inaugurated by Sh. V.K. Chowdhary, GM, by lighting the traditional lamp. Sh. Chowdhary and the Vigilance Officer addressed the audience and highlighted the aim and importance of Observance of Vigilance Awareness Week.

Pledge Ceremony at RO- Goa

A special lecture-and-discussion was organized on the theme of the week, wherein all the officers and staff enthusiastically participated. Essay and Elocution competitions were also held during the week. Sh. Sharad Chopdekar, Ex-Chairperson & presently Councilor of the Mormugao Municipal Council, was invited as the Chief Guest for the Valedictory Function.

RO: MUMBAI

The Vigilance Awareness Week at RO Mumbai began with the pledge administered by Sh. A Sondhi, CGM, and the lighting of the inaugural lamp by Chief Guest Sh. Swapan Garain, Professor, Tata Institute of Social Sciences, Mumbai. Sh. Garain addressed the audience on the theme topic of the importance of technology in combating corruption. Sh. P. Ramachandran, GM, also spoke on combating corruption being a collective responsibility.

Sh. H K Jawale, IAS, Commissioner of Labour, Maharashtra State, was invited as Chief Guest for the Valedictory Function. Sh. P Ramachandran had summarized the sessions by emphasizing the importance of technology in our trading operations. The Chief Guest mentioned in his address that

Vigilance Awareness program at RO- Mumbai

combating corruption requires multifaceted efforts. He also awarded prizes to the winners of the Essay and Elocution competitions held during the week.

RO: KOLKATA

At RO Kolkata, Sh. Ajit Kumar Khan, IRS, Addl. Commissioner of Income Tax was invited as Chief Guest for the inauguration of the Vigilance Week, which commenced with welcome speech by VO and lighting of the lamp by the Chief Guest. The Pledge was administered by Sh. J Kishan, CGM, in English and by Sh. B K Jha, Chief Manager, in Hindi.

On the Valedictory Day, Sh. P K Panigrahi, SP, Anti-corruption Branch, CBI was the Guest Speaker. He described in detail how the anti-corruption cell and investigating agencies are utilizing the modern latest technologies to detect and eradicate corruption. Thereafter, prizes were distributed to winners of the essay and elocution competitions held during the week. Sh. K K Pal, GM, gave the vote of thanks for the successful completion of the Satarkata Saptah.

Pledge Ceremony at RO- Kolkata

Vigilance Awareness Week was also observed in SROs Haldia and Ranchi.

RO: BHUBANESWAR

The Vigilance Awareness Week was inaugurated by Sh. T.K. Sengupta, GM, with the pledge being administered to all employees, Sh. Sengupta explained the highest ideals of integrity, ethics and best values in the Indian tradition with reference to corporate governance, and advised the employees to work in a transparent manner and to strengthen preventive vigilance by streamlining systems and simplifying procedures.

Dr G K Panda, Professor of Geography & Chairman - PG Council, Utkal University, Bhubaneswar, was invited as Chief Guest for the Valedictory Function. His address touched upon topics like corruption prevalent in India & other countries, powers delegated to employees of the private and govt. sector, the need of transparency in all official transactions, and the importance of motivation and self introspection along with information technology & communication in combating corruption. Sh. Sengupta, in his speech, emphasized upon the need to work with dignity, honesty and sincerity. He also remained actively involved in the programmes and gave valuable suggestions at every stage to make the week a success.

Vigilance Awareness functions were also organized at SROs Barbil and Paradeep, and in MMTC Cell Duburi and Puri Sales Outlet. For the valedictory progamme at SRO Barbil, Sh. A.P. Swain SDPO, Barbil was invited as the Chief Guest, who highlighted in his speech the need of vigilance and the utility of Vigilance Awareness Week.

RO: VIZAG

GM Sh. S.K. Das presided over the inaugural function, and His Holiness, Swami Nitya Yogananda of Ramakrishna Mission was invited as the Chief

GM Sh. S.K. Das presenting memento to Chief Guest.

Guest. Our national leaders including Sardar Vallabh Bhai Patel were honored with garlands to their portraits. Sh. Das administered the pledge and emphasized the need for detachment from worldly needs which are primary cause of corruption.

Swami Nitya Yogananda Ji in his address dealt at length with the cultivation of ethical values and endeavours to bring change in the society. Though technology can aid in combating corruption, technology may become redundant sometime, he said, adding that distinction between good and bad is a gift from God given to mankind and it must be exercised properly.

During the week, presentations were made my Divisional and Profit Centre Heads on their areas of operations with a vigilance angle in view. Aside from essay and elocution competitions, a brief session was also organized to discuss the theme topic of the Week.

RO: CHENNAI

The inaugural function began with Sh. A Radhakrishnan, AGM (P) administering the Pledge in English and Sh. V Murali, AGM (F&A) leading the Pledge in Hindi. Sh. J.V.N Rao, GM, took an interactive session later in the week wherein he advocated the need for prudence in our actions and also quoted verses from Upanishad and Sanskrit about the dangers of corruption and greed.

Pledge Ceremony at RO- Chennai

On the valedictory day, Sh. V Gunasekhar, Indian Telephone Service Officer of 1985 batch serving as Chief General Manager of Bharat Broadband Network Limited, Chennai was invited as Chief Guest. Sh. Gunasekhar spoke on the theme topic and also about the ICT, mobile technology, media, social media, CCTV, IPV-6, e-procurement, e-billing, e-payment, etc. He also distributed prizes to the winners of Essay and Elocution competitions held during the week. A Memento was presented to the Chief Guest by Sh. Rao.

Vigilance Awareness activities were also held at SRO Kochi.

RO: BANGALORE

The inauguration of the Week was done by GM Sh. T. D. Suresh Babu who administered the pledge to all employees. Other Sr. Officers and Representatives of Officers Associations, Employees' Union and WIPS also participated in the inauguration. Sh. Suresh Babu, in his address, focused on the

Valedictory Function at RO- Bangalore

Pledge Ceremony at SRO- Bellary

theme of the Week and expressed that effort is to be made for reducing human intervention to a minimum level in all day-to-day activities of governance.

A guest lecture was organized on the theme of the Week and Sh. S Balaji, Ph.D, Ex-Professor of ISRO, was invited as the Guest Speaker. Sh. Balaji discussed how technology can help in reducing corruption by enabling transparency, accessibility, and awareness.

His Holiness Sh. Varada Krsna Dasa, B.E, MBA of ISKCON, Bangalore graced the Valedictory Function as Chief Guest along with another ISKCON devotee. The function commenced with a prayer and Sh. Suresh Babu presided over the occasion. He also reviewed the weeklong programs and activities in his valedictory address, while His Holiness used a PowerPoint presentation to play a number of evocative video clippings for better understanding of the subject.

The Prizes to the winners and participants of competitions held during the Week, as well as honorariums/ mementoes to Judges and Coordinators were distributed by the Chief Guest. Sh. P. Thangavel, DGM (P&A), gave the Vote of Thanks. Vigilance Awareness events were also organized at SRO Bellary during the week.

RO: HYDERABAD

Sh. TS Rao, GM, presided over the inauguration function and

Pledge Ceremony at RO- Hyderabad

administered the pledge to the employees. Director (Personnel), in Hyderabad at the time, graced the occasion as Chief Guest while Sh. TS Rao, GM, administered the pledge to all the employees. The function commenced with lighting of lamp by the GM and Senior Officers.

Sh. Rao addressed the gathering about the Week's theme of technology against corruption and urged all the officials to acquaint themselves with the latest technology i.e. ERP systems, policies/procedures/ drills of the various commodities, etc.

The birth anniversary of Sardar Vallabh Bhai Patel was celebrated as "Rashtriya Ekta Diwas" and a pledge was taken on the occasion. On the Valedictory Day, Sh. Rao presided over the function and distribution of prizes to winners of various competitions. Sh. C.M. Purty, AGM (I/A) gave a lecture on the importance of vigilance and how to be vigilant in our day to day's work.

With a vote of thanks, the week-long programme was concluded successfully.

भुवनेश्वर क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित राजभाषा कार्यशाला

उत्पल चाटार्जी
उप प्रबंधक (विपणन/राजभाषा)

दिनांक 16.12.2015 को एमएमटीसी क्षेत्रीय कार्यालय भुवनेश्वर में राजभाषा कार्यशाला मुख्य प्रबंधक स्तर तक के सभी कार्मिकों के लिए आयोजन किया गया था। श्रीमती बेबी रानी मिश्र, राजभाषा अधिकारी, भारतीय खाद्य निगम, भुवनेश्वर को कार्यशाला संचालन हेतु बुलाया गया । श्री टी. के. सेनगुप्ता, महाप्रबंधक ने सभी उपस्थित कार्मिकों का स्वागत करते हुए राजभाषा कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन किया और हिन्दी में काम काज करने को आह्वान किया। तत्पश्चात्, श्रीमती बेबी रानी मिश्र ने राजभाषा के धारा 3(3) नियम और अधिनियम के प्रावधानों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में विभागीय टिप्पणियों का लेखन, ज्ञापन, आदेशों, परिपत्रों, छोटे पत्रों को हिन्दी में प्रेषण करने और कम्प्युटर पर इंटरनेट के सहारे हिन्दी काम काज करना कितना आसान है उसका तकनीकि बताया। कार्यशाला में नामित कार्मिकों ने सोत्साह कार्यक्रम में भाग लिया।

अंत में, श्री उत्पल चाटार्जी, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) द्वारा धन्यवाद के साथ कार्यशाला सम्पन्न हुई।

क्षेत्रीय कार्यालय बेंगलूरू में आयोजित हिन्दी सप्ताह

मधुलिका मिश्र
उप प्रबंधक (कार्मिक)

विगत वर्ष की तरह ही क्षेत्रीय कार्यालय बेंगलूरू में हिन्दी सप्ताह नवंबर 2014 में बेंगलूरू, बेल्लारी तथा होसपेट क्षेत्र में मनाया गया।

प्रथम चरण में बेल्लारी तथा होसपेट क्षेत्र में हिंदी कार्यक्रमों तथा निबंध लेखन तथा संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बेल्लारी तथा होसपेट में 20 कर्मचारियों ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। जबकि संभाषण प्रतियोगिता में 5 कर्मचारियों ने भाग लिया। बेल्लारी होस्पेट में आयोजित कार्यक्रम में कार्यालय के अधिकतम कर्मचारी शामिल हुए और कार्यक्रमों में सक्रिय हिस्सा लिया। समारोह का शुभारंभ करते हुए श्रीमती मधुलिका मिश्र ने सबका स्वागत किया और मुख्य अतिथि, उप महाप्रबंधक श्री पी थंगवेल (राजभाषा), तथा श्री सी एम कामोजी, कार्यालय प्रभारी, बेल्लारी को मंच पर आमंत्रित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और निर्णायक के रूप में श्री विजय कुमार, एम कॉम, एम ए हिंदी, अवकाश प्राप्त हिंदी प्रोफेसर, अल्लुपम सुमनगलम्मा महिला कॉलेज, बेल्लारी आमंत्रित थे। उन्होंने इस अवसर पर समारोह को संबोधित किया और हिंदी की राष्ट्रीय भूमिका के बारे में वक्तव्य रखा। समारोह को श्री पी थंगवेल और श्री सी एम कामोजी ने भी संबोधित किया। श्रीमती मधुलिका मिश्र ने कार्यक्रम का संचालन किया। विजयी प्रतियोगियों को मुख्य अतिथि, श्री सी एम कामोजी, श्री पी थंगवेल, के हाथों से नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। हिंदी सप्ताह के कार्यक्रम में भाग लेने वाले शेष सभी कर्मचारियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।

द्वितीय चरण में बेंगलूरू कार्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता और संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में 7 कर्मचारियों ने भाग लिया जबकि संभाषण में 3 कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक और मुख्य अतिथि के रूप में श्री एम पी दामोदरन, बी ए हिंदी (गोल्ड मेडल), एम ए (हिंदी) तथा अनुवाद का स्नातकोत्तर डिप्लोमा, बी एड, सहायक निदेशक (भाषा) राजभाषा विभाग, केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण उपसंस्थान, बेंगलूरू उपस्थित थे।

समारोह की शुरूआत श्रीमती मधुलिका मिश्र के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने मुख्य अतिथि और वरिष्ठ अधिकारियों का समारोह में स्वागत किया और कार्यालय में हिंदी में किए जा रहे कार्यों और हिंदी सप्ताह के महत्व से सबको अवगत कराया। समारोह में श्री के लगुमराजू ने एक स्वागत भक्ति गीत प्रस्तुत किया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक श्री टी डी सुरेश बाबु ने हिंदी को राजभाषा बनाए जाने की पृष्ठभूमि और उसे राजभाषा बनाए जाने के घटनाक्रम पर प्रकाश डाला। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में आए हुए श्री एम पी दामोदरन ने कहा कि हिंदी के द्वारा पूरे भारत को एक सूत्र में बांधा जा सकता है। हिंदी भाषा पूरे देश में बोली और समझी जाती है और यह राष्ट्रीय एकता को मजबूत करती है।

निबंध लेखन और संभाषण प्रतियोगिता में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों को नगद प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मधुलिका मिश्र ने किया। श्री थंगवेल ने हिंदी के दैनिक कार्यों में सबके सहयोग की अपील की तथा समारोह में सक्रिय भागीदारी के लिए सबको धन्यवाद दिया।

हिंदी पखवाड़ा जयपुर – विजेता बना 'करोड़पति'

विजय कुमार सहगल
उप प्रबंधक (राजभाषा)

जयपुर क्षेत्रीय कार्यालय में हिंदी पखवाड़ा के दौरान 'कौन बनेगा विजेता' नाम से एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता एक खेल के रूप में थी, जिसे कंप्यूटर पर पॉवर प्वाइंट प्रोग्राम में बनाया गया था। इसके लिए स्लाइड्स पर प्रश्न अंकित किए गए थे। प्रत्येक प्रश्न के चार उत्तर थे। हॉट सीट पर बैठे प्रतिभागी को सही उत्तर बूझना था। प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक अंक दिया जाता। जो प्रतिभागी जितने अधिक सही उत्तर बूझता वह उतने अधिक अंक पाकर बड़े पुरस्कार का अधिकारी था।

प्रतियोगिता में राजभाषा नियम, अनुवाद, हिंदी व्याकरण, हिंदी साहित्य एवं सामान्य ज्ञान के प्रश्नों को शामिल किया गया था। इसमें वरिष्ठ प्रबंधक स्तर तक के सभी कार्मिकों ने भाग लिया। अपर महाप्रबंधकों ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभायी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी महाप्रबंधक श्री संजीव दुआ ने की।

हॉट सीट का एक दृश्य

प्रतियोगिता के लिए हॉट सीट पर आने का एक खास नियम बनाया गया था। नियम के अनुसार कंप्यूटर पर स्लाइड दिखायी जाती जिसपर एक प्रश्न अंकित होता। जो प्रतिभागी उस प्रश्न का उत्तर बूझकर खेल को शुरू करना चाहते थे, वे अपना हाथ उठाकर इशारा करते थे। जो सबसे पहले इशारा करता, वह हॉट सीट पर आने का मौका पाता था। हॉट सीट पर आने के साथ मन में एक सवाल भी रहता कि आगे की स्लाइड्स पर कौन–कौन–से प्रश्न आएंगे, और कितने प्रश्नों के सही उत्तर बूझने में कामयाबी मिलेगी। मनोरंजन, ज्ञान, उत्सुकता और कौतूहल से भरपूर इस प्रतियोगिता का सभी ने भरपूर आनंद लिया। प्रतियोगिता में श्री सुनील कुमार काला, श्री कमल सूद, श्री एम एल पाण्डे, श्री पी. के. सिद्धार्थ, और श्री प्रकाश विजेता रहे।

महाप्रबंधक श्री संजीव दुआ का संबोधन

अंत में महाप्रबंधक महोदय ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और इस अनूठे कार्यक्रम को तैयार करने के लिए उप प्रबंधक (राजभाषा) को शाबाशी दी।

गोवा में हिंदी फखवाड़ा समापन समारोह

गोवा कार्यालय में हिंदी पखवाड़े का आयोजन

मंदा अरूण वल्वईकर
व. का. प्रबंधक (राजभाषा)

